एन एस आई सी
N S I C

आज़ादी का अमृत महोत्सव

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का संदेश

मैं **अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस की पूर्व संध्या पर**, एनएसआईसी के सभी कर्मचारियों को भारत में एमएसएमई की सेवा करने में एक महत्वपूर्ण वर्ष के लिए बधाई और धन्यवाद देना चाहता हूं। हमने उत्कृष्ट परिणामों के साथ कोविड महामारी के बीच 2020-21 और 2021-22 के दौरान एमएसएमई की सेवा करने में अपनी शक्तियों और समर्पण को साबित किया है। वर्ष 2020-21 के लिए "**उत्कृष्ट**" एमओयू रेटिंग प्राप्त करने पर मुझे एनएसआईसी के कर्मचारियों पर गर्व है जो केवल कुछ सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा प्राप्त किया जा सका है।

हमें उम्मीद है कि हम 2021-22 में भी इसको बरकरार रखेंगे। इसलिए, एनएसआईसी से एमएसएमई क्षेत्र की उम्मीदें बढ़ गई हैं। मुझे यकीन है, हम चालू वर्ष के दौरान सभी रिकॉर्डों को पार कर सकेंगे।

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय हमारी पहलों का अत्यधिक समर्थन करता है। एनएनआईसी को सहायक योजनाओं जैसे कि फस्ट टाइम निर्यातक स्कीम, एमएसएमईमार्ट.कॉम के लिए सूक्ष्म यूनिटों हेतु सब्सिडी, एटीआई स्कीम आदि मिलने की संभावनाएं हैं, जिसके लिए एमएसएमई मंत्रालय के साथ जल्द ही समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने जा रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस और नई योजनाओं का लाभ उठाते हुए, एनएसआईसी को वैश्विक बाजार में भी अपनी छाप छोड़नी चाहिए।

मैं चाहता हूं कि हम सभी अपने मौजूदा मॉडलों पर दोबारा गौर करें और अपने विकास के लिए और अधिक भविष्यवादी मॉडल लॉन्च करें।

इस **अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर,** मैं एमएसएमई की सेवा में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आप सभी को पुन: समर्पित करने का अनुरोध करता हूं।

एक बार पुन:, मैं एमएसएमई परिवारों की सफलता की कामना करता हूं।

ह.

(पी. उदयकुमार)